हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार, 16 जून 2024

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री


13 कुसुमकसा के लोगों को मिली सामुदायिक भवन की...


14 भंवरमरा में शिक्षकों को दिया गया जोन स्तरीय...



## खबर संक्षेप

### हत्या का प्रयास, पांच साल की सजा

**भिलाई।** दुर्ग कोर्ट ने हत्या का प्रयास मामले में आरोपी को पांच साल सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले के मुताबिक आरोपी शरद जुत्शी की बहन राधिका जुत्शी के साथ प्रार्थी लखविंदर सिंह ने प्रेम विवाह किया था। इससे आरोपी शरद खफा था। उसने चेतावनी दी थी कि वह उसके सामने नहीं आएगा नहीं तो कुछ भी कर दूंगा। 20 नवंबर 2022 को लखविंदर सिंह हाउसिंग बोर्ड मकान नंबर 7,ब्लॉक नंबर 19 स्थित मंजीत सिंह के घर के पास मिला। आरोपी शरद ने लखविंदर सिंह के कनपटी में कट्टा टिका दिसा और गोली भी चला दी। लखविंदर ने ऐन समय में आरोपी का हाथ ऊपर कर दिया जिससे वह बच गया। जामुल पुलिस ने आरोपी शरद के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत जुर्म दर्ज किया था। कोर्ट ने आरोपी शरद को धारा 25 क 1 क के तहत 5 साल सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### रोलर मशीन में दबने से युवक की गई जान

**भिलाई।** अंजोरा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम खपरी के करीब रोलर मशीन के नीचे दबकर युवक की मौत हो गई। मृतक ग्राम चंगोरी पाटन निवासी शफिक खान (21 वर्ष) बताया गया है। घटना 13 जून की रात करीब 8 बजे की बताई गई है। पुलिस ने बताया कि मृतक ग्राम खपरी के करीब गया हुआ था। वह रोलर वाहन में लौट रहा था, तभी वाहन गड्ढे के पास अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके नीचे शफिक दब गया। जब तक उसे अस्पताल पहुंचाया जाता, उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### बीएमएस ने सांसद बघेल से समस्याओं पर की चर्चा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात मजदूर संघ मान्यता प्राप्त यूनियन के महामंत्री चन्ना केशवलू के नेतृत्व में भिलाई इस्पात मज़दूर संघ यूनियन के पदाधिकारियों ने सांसद विजय बघेल को जीत की बधाई दी ।एवं भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत श्रमिकों के गंभीर समस्याओं के निदान की मांग की। भिलाई इस्पात मज़दूर संघ ने अपने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए अपनी कार्यशैली से भी अवगत कराया गया ।इस अवसर पर वशिष्ठ वर्मा, सन्नी ईपपन,डिल्ली राव, जोगिंदर कुमार,गौरव कुमार,मृगेंद्र सिंह,संजय कुमार साकुरे,राजनारायन सिंह,प्रकाश अग्रवाल, सुधीर गाढ़ेवाल. ए. वेंकट रमैया उपस्थित थे।

### निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श आज

**भिलाई।** कालीबाड़ी कल्याण समिति स्मृति नगर द्वारा संचालित आरोग्य निकेतन धर्मार्थ चिकित्सालय स्मृति नगर भिलाई में निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श अंचल के प्रसिद्ध वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. एसके सेठी फिजिशियन एवं किडनी रोग विशेषज्ञ द्वारा 16 जून को सुबह 11 बजे से चिकित्सकीय परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे। उन्होने लोगों से अपील की है कि सेवा का लाभ अवश्य उठावें।

### बैलेंस खत्म होने से पहले मिलेगी सूचना

**दुर्ग।** जिले में शुक्रवार से घरेलू मीटर लगाए जाने का अभियान शुरू हो चुका है। पहले दिन करीब दस स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है। मीटर लगने के शुरूआती दो माह में यह पोस्ट पेड रहेगा, जिसके बाद प्रीपेड हो जाएगा। वही बैलेंस समाप्त होने से पहले उपभोक्ताओं को मोबाइल रिचार्ज की तरह मैसेज भेज दिया जाएगा। वही रिचार्ज करने पर ही घरों में बिजली आएगी। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने सभी राज्यों में स्मार्ट डिजिटल मीटर लगाने की योजना बनाई है। प्राधिकरण ने उपभोक्ताओं के इलेक्ट्रॉनिक मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने के निर्देश दिए हैं।

# आत्मानंद स्कूल बालोद में नीट की परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को मिलेगा दुबारा मौका

## एनटीए ने स्वीकार की गड़बड़ी, फिर से परीक्षा आयोजित करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

5 मई को स्वामी आत्मानंद स्कूल हिंदी मीडियम बालोद में बनाए गए परीक्षा केंद्र में एनटीए द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों के लिए फिर से परीक्षा ली जाएगी। उक्त परीक्षा केंद्र में लगभग 200 बच्चे शामिल थे।

बता दें कि उक्त परीक्षा में परीक्षा केंद्र के प्रभारी अधिकारियों द्वारा परीक्षार्थियों को गलत प्रश्न पत्र बांट दिया गया था। परीक्षा शुरू होने के लगभग 50 मिनट बाद उसे बदलकर दूसरा प्रश्न पत्र दे दिया गया। लेकिन, परीक्षार्थियों को अतिरिक्त 50 मिनट नहीं देकर, पूर्व निर्धारित समय पर ही उनसे उत्तर शीट ले ली गई। इससे नाराज और आक्रोशित परीक्षार्थियों एवं पालकों ने हंगामा करने के साथ ही शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। उधर, बच्चों की मेहनत बर्बाद होता देख बच्चों में निराशा का माहौल बन गया। किंतु नगर के प्रतिष्ठित नागरिक व परीक्षार्थी लिपिका सोनबोइर के पिता संजय सोनबोईर व एक अन्य पालक चेंबर्स आफ कामर्स के अध्यक्ष राजू पटेल ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में एक याचिका दायर की एवं सक्षम अधिकारियों से पत्राचार किया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एनटीए को नोटिस जारी कर कड़ी फटकार लगाते हुए जवाब मांगकर निर्देशित किया। उसके पश्चात एनटीए द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर जांच समिति गठन कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही गई।



■ उक्त परीक्षा केंद्र में शामिल हुए थे लगभग 200 परीक्षार्थी, सभी को मिली राहत

### कई जगह विरोध व प्रदर्शन

इसी दौरान एनटीए द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में देशभर के कई परीक्षा केंद्रों में हुई भारी गड़बड़ियां एवं लापरवाहियों के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में भी याचिका प्रस्तुत की गई। याचिका प्रस्तुति के पश्चात एनटीए ने स्वयं अपनी लापरवाही एवं गड़बड़ी को स्वीकार करते जहां-जहां लापरवाही बरती गई एवं जिस परीक्षा केंद्र के विद्यार्थियों द्वारा याचिका दायर की गई थी, उन सभी परीक्षा केंद्रों में बच्चों के हित में नीट की परीक्षा फिर से लेने का फैसला लिया है। इस तरह संजय सोनबोर, राजू पटेल द्वारा अन्याय के प्रति सजग होकर आवाज उठाने के फलस्वरूप अन्याय के विरुद्ध अंततः न्याय की जीत हुई। सभी पालकों एवं बच्चों ने सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय सहित राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी साथियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस भागीरथी प्रयास की नगर सहित नागरिकों जनप्रतिनिधि सहित सभी मित्रों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।


## मौसम : कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे गिरने की खबर, कुछ स्थानों पर बंद रही बिजली

# रात में दो घंटे झमाझम, तरबतर हुआ जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शुक्रवार की रात हुई दो घंटे की झमाझम बारिश से जिला तरबतर हो गया। जिले के सिर्फ गुरुर तहसील को छोड़कर बाकी अन्य क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई।

नौतपा और पंचक के बाद पहली बार हुई इस तरह की बारिश ने मानसून का संकेत दिया है। शुक्रवार की रात करीब 8:30 बजे अंधड़ के साथ तेज बारिश की शुरुआत हुई, जो करीब दो घंटे जारी रही। भारी बारिश से जिला मुख्यालय की नालियां ओव्हरफ्लो होने लगी थीं, नालियों की गंदगी व बारिश की पानी के साथ बहते हुए सड़क तक आ गई। वहीं, कई जगहों पर हाईटेंशन तार टूटने तथा पेड़ गिरने की वजह से तीन घंटे से भी अधिक समय तक बिजली बंद रही। शुक्रवार की रात हुई बारिश के बाद मौसम में ठंडकता आई और मौसम सुहाना हो गया। तापमान में गिरावट आने से रात को उमस भरी गर्मी का प्रभाव नहीं रहा। वहीं, अगले दिन यानी शनिवार को भी बादल छाए रहे। हालांकि कुछ देर सूर्यदेव ने दर्शन जरूर दिए लेकिन सूर्य का पहले की तरह तीखा प्रहार महसूस नहीं हुआ।



### जिले में 14.3 और डौंडीलोहारा तहसील में सबसे ज्यादा 41.4 मिमी बारिश

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात हुई बारिश से जिले में औसतन 14.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सबसे अधिक बारिश डौंडीलोहारा तहसील क्षेत्र में 41.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गुरुर तहसील में शून्य मिली वर्षा दर्ज की गई है। इसी प्रकार बालोद तहसील में 15.6 मिमी, गुण्डरदेही 10.9 मिमी, डौंडी 1.2 मिमी, अर्जुन्दा में 13.8 मिमी तथा मारएँ बंगला देवरी तहसील में 17.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### पेड़ गिरने से बिजली खंभा व तार टूटा



**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बोरी के पुरानापारा चौराहे पर पसौद जाने वाले बाईपास मार्ग पर गुरुवार रात्रि को आई आंधी और हल्की बारिश के कारण बबूल का पेड़ गिर गया। पेड़ बिजली के खंभे पर गिरा, जिससे खंभे के साथ ही तार भी टूटकर मार्ग पर गिर गया। इससे उक्त स्थान पर आवागमन शाम तक बाधित रहा। वहीं, कुछ लोग लापरवाही बरतते हुए अपनी जान पर खेलकर सड़क पार कर रहे थे, तो वहीं कुछ लोग गिरकर चोटिल भी हुए।

### टूटकर गिर रहे बिजली के तार, बढ़ा करंट लगने खतरा

तेज हवाएं चलते ही शहर के कई जगहों पर हाई टेंशन तार टूटकर जमीन पर गिरने की घटना लगातार सामने आ रही है। इसी तरह से तार के टूटने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है और जान माल का नुकसान भी हो सकता है। जिम्मेदार विद्युत विभाग को खराब हो चुके तार को बदलकर नया लगाना चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह से तार टूटने की घटना न हो। आपको बता दें कि एक दिन पहले रायगढ़ जिले के एक गांव में सड़क से गुजर रहे मोटरसाइकिल सवार दो युवकों पर हाईटेंशन तार टूटकर उनके ऊपर ही गिर गया जिससे दोनों बाइक चालक की करेंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। ज्ञात हो कि बालोद शहर में भी इसी तरह से हाईटेंशन तार टूटने की घटना अक्सर सामने आती है, लेकिन बीते करीब एक माह में तार टूटने की घटनाओं में तेजी आई है, हालांकि अब तक कोई भी इंसान या पशु टूटे हुए तार की चपेट में नहीं आए हैं। लेकिन जिस जगह पर तार टूटने की घटना होती है, उस जगह पर खतरा बना रहता है और करेंट लगने की संभावना बनी रहती है। शहर में चारों ओर हाईटेंशन तार की बारीकी से जांच कर उसे बदल कर नया व मजबूत तार लगाने की आवश्यकता है, क्योंकि अभी मानसून की शुरुआत हुई है आगामी चार महीनों में तेज बारिश के साथ आंधी तूफान का प्रभाव भी दिखेगा, ऐसे में तार टूटने की घटना होना स्वभाविक है।वर्तमान फोटो शहर के नयापारा की है जहां बीती रात हुई तेज आंधी के साथ बारिश से बिजली पोल गिरा हुआ था।



### नालियों की सफाई जरूरी, वरना आमजनता को भुगतना होगा खामियाजा

मानसून की पहली बारिश से ही जिला मुख्यालय गंदगी व कचरों से भरी कई नालियां ओव्हरफ्लो होने से पानी सड़क पर बहने लगा। हालांकि पालिका प्रशासन के सफाई कर्मचारी शहर में जो भी नालियां सामने दिखती हैं, उसे सफाई कर देते हैं, लेकिन अंदरूनी इलाकों में नालियों की सफाई निरंतर नहीं होने से नालियों में गंदा पानी व कचरा जाम हो चुका है, जो मानसून की पहली ही बारिश में कचरा सड़क तक आ गया। समय रहते नालियों की सफाई जरूरी है, नहीं तो इसका खामियाजा वार्डवासियों को भुगतना पड़ेगा।

## बैरंग लौटे बाराती

# दुल्हन ने दूल्हे के खिलाफ लिखाई दुष्कर्म की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के मंगचुआ थाना क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। दरअसल एक गांव में बीते कुछ दिनों पहले शक्ति जिले से बारात आई थी, इस दौरान बारात स्वागत करने के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, जिसके बाद दूल्हा बारातियों को लेकर वापस अपने घर लौट गया।

वहीं, इस पूरे घटना क्रम के बाद दुल्हन ने अब मंगचुआ थाना में दूल्हे के खिलाफ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट लिखाई है। मामले में मंगचुआ पुलिस ने दूल्हे के खिलाफ गम्भीर धारा 366, 376 तथा 506 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिए हैं।

विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगचुआ थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती जो राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ हैं, वहीं जिस युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जो दूल्हा बना हुआ था वह भी राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ है। जानकारी के अनुसार दोनों के बीच सगाई के बाद और शादी से पहले शारीरिक संबंध बन चुका था, जिसके कारण युवती ने आरोपी पर गम्भीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया है।

# महंगाई भत्ते में 4 फीसदी बढ़ोतरी करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने की मांग

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राज्य में अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के डीए में सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 10 जून को 4 प्रतिशत की वृद्धि कर 46 से 50 प्रतिशत किया गया है व यह महंगाई भत्ता जनवरी 2024 से देय है तथा एरियर्स भुगतान का भी प्रावधान है।

वहीं केंद्र द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में जनवरी 2024 से देय 4 प्रतिशत वृद्धि कर डीए 46 से 50 प्रतिशत दिया जा रहा है, परंतु राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के डीए में विधानसभा चुनाव आचार संहिता के पूर्व लंबित 8 प्रतिशत डीए के स्थान पर जुलाई 2023 से केंद्र सरकार द्वारा देय महंगाई भत्ते में मात्र 4 प्रतिशत वृद्धि की गई। डीए को राज्य में आचार संहिता के पूर्व मार्च 2024 से जारी किया गया, जिससे राज्य कर्मचारियों को 9 माह का 4 प्रतिशत डीए में नुकसान हुआ और भत्ता 50 प्रतिशत के बजाय 46 प्रतिशत डीए भुगतान किया गया, केंद्र के समान जुलाई 2023 देय तिथि से महंगाई भत्ते के भुगतान नही होने से व एरियर्स प्रवधान नहीं किए जाने से कर्मचारियों को लाखों रूपये का अब तक नुकसान हो चुका है। देय तिथि से भुगतान नहीं करने व एरियर्स प्रवधान नहीं करने का यह सिलसिला 2019 से लगातार चल रहा है, जिससे राज्य कर्मचारियों को बहुत आर्थिक नुकसान हुआ है, वही अब केंद्र द्वारा जनवरी 2024 से देय 4 प्रतिशत की भत्ते में वृद्धि से केंद्रीय कर्मचारियों का कुल मँहगाई भत्ता बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है, जबकि छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को वर्तमान में केवल 46 प्रतिशत मँहगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है, राज्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों एवं बिजली विभाग के कर्मचारियों को 50 प्रतिशत महंगाई भत्ते मिल रहा है। टीचर्स एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार से राज्य के कर्मचारियों के मँहगाई भत्ता में अविलंब 4 प्रतिशत वृद्धि कर केंद्रीय कर्मचारियों के समान देय तिथि से एरियर्स ▶▶|शेष पेज 13 पर

## झलमला-गुरूर मुख्य मार्ग पर ग्राम सांकरा (क) में तीन वाहनों की भिड़ंत

# हाईवा की टक्कर से ट्रक की चपेट में आई मोटर साइकिल, उड़े परखच्चे






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

झलमला गुरुर मुख्य मार्ग 930पर स्थित ग्राम सांकरा (क) में शनिवार शाम लगभग 4 बजे तीन वाहनों के बीच भिड़ंत हो गई। यह सड़क दुर्घटना ट्रक, हाइवा और मोटर सायकल के बीच हुई। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

रेत से भरे हाईवा ने पहले ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी फिर ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिया। इस हादसे में किसी को जानमाल की नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

मिली जानकारी के अनुसार हाइवा वाहन क्रमांक सी जी 08 ए सी 3090ओवर लोड रेत भरकर धमतरी से बालोद की ओर तेज रफ्तार में जा रहा था। इसी बीच सांकरा के ड्राइवर द्वारा खाली ट्रक वाहन क्रमांक 7304 को साइड लगाने के लिए ले मुख्य सड़क से पार कर रहा था जो लगभग मुख्य सड़क से पार होने ही वाला था, तभी अनियंत्रित हाइवा ने उसे पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। वहीं, ट्रक ▶▶|शेष पेज 13 पर

## मानसून पूर्व खाद-बीज की तैयारी में जुटे किसान परेशान

# खाद के लिए अभी से मारामारी, डीएपी की जगह इफ्को थमा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मानसून आगमन से पहले किसान धान बोवाई की तैयारियों में जुटने के साथ ही खाद बीज संग्रहण करने में लगे हैं। लेकिन किसानों को अभी से खाद की किल्लत से जूझना पड़ रहा है, जबकि कृषि विभाग से मिले डाटा के अनुसार में खाद का भंडारण बताया जा रहा है।

जिले के सोसायटी केन्द्रों में किसानों के लिए सभी प्रकार के उर्वरक खाद जैसे डीएपी, पोटाश, सुपरफासफेट, यूरिया, इफ्को उपलब्ध होने के साथ ही वितरण करने की बात प्रशासन द्वारा की जा रही है लेकिन सोसायटी केन्द्रो में डीएपी खाद का भंडारण वर्तमान में लगभग खत्म हो चुका है जिसके कारण किसानों को डीएपी खाद की जगह इफ्को खाद लेनी पड़ रही है। किसानों को डीएपी खाद के लिए निजी दुकानदारों के पास जाना पड़ रहा है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सहकारिता व निजी क्षेत्र को मिलाकर डीएपी खाद की मांग 17400 मिट्रिक टन है, जिसके विरुद्ध 9025 मिट्रिक टन खाद भंडारण किया गया है और वितरण 7355 मिट्रिक टन किया गया है जबकि शेष 1670 मिट्रिक टन है।

वही डीएपी खाद सहकारिता के लिए 10440 मिट्रिक टन मांग की गईं जिसके विरुद्ध 8169 मिट्रिक टन भंडारण किया गया है और वितरण 6819 मिट्रिक टन वितरण किया गया है, वर्तमान मे 1350 मिट्रिक टन शेष है। वहीं निजी क्षेत्र के लिए 6960 मिट्रिक टन मांग की गईं, जिसके विरुद्ध 856 ▶▶|शेष पेज 13 पर



### जितनी मांग की गई थी उससे आधी ही मिली

बरही सोसायटी प्रबंधक एलआर साहू ने बताया कि डीएपी खाद की मांग 2800 बोरी की गईं है, लेकिन अब तक सिर्फ उप केंद्र हर्राठेमा के लिए 700 बोरी डीएपी खाद उपलब्ध हो पाया है, वहीं किसानों को डीएपी खाद की जगह पर इफ्को खाद दिया जा रहा है, हालांकि किसानों के द्वारा डीएपी खाद की मांग की जा रही है। हितेकसा सोसायटी के प्रभारी प्रबंधक कमल भुआर्य ने बताया कि डीएपी खाद 2000 बोरी की मांग समिति के माध्यम से की गईं है, लेकिन 1000 बोरी खाद उपलब्ध हुई थी, जिसे किसानों को वितरण किया गया, लेकिन अब किसानों को डीएपी खाद की जगह पर इफ्को खाद दिया जा रहा है, लेकिन किसान डीएपी की मांग कर रहे हैं।

### धोबी समाज का रजक महोत्सव 20 को

**अंडा।** छत्तीसगढ़ धोबी समाज रायगढ़ जिले का महाधिवेशन रजक महोत्सव 20 जून को इडन गार्डेन बोईर दादर चौक रायगढ़ में होगा। कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी शामिल होंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ष्णु देव साय कार्यक्रम में शामिल होने की स्वीकृति प्रदान कर चुके हैं। समाज प्रमुखों से मिली जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम 9 जून को प्रस्तावित था, परंतु प्रधानमंत्री सहित मंत्रीमंडल के शपथ ग्रहण समारोह के कारण उक्त तिथि को 20 जून को निर्धारित हुआ। इस आयोजन में विवाह योग्य बेटा बेटी अपना परिचय दे सकेंगे और मनपसंद जीवनसाथी का चयन कर सकेंगे। इसी प्रकार क्षेत्रीय सांसद राधेश्याम राठिया, एवं पदम श्री समाज गौरव राम लाल बरेठ का अभिनंदन किया जाएगा। महाधिवेशन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर रायपुर करेंगे। समारोह प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। दूर से आने वाले समाज के लोग 19 जून को ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंच जाएंगे, जिनके भोजन व रूकने की व्यवस्था की गई है।

**पाठक सूचना**
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### तोड़फोड़-आगजनी के दोषियों पर हो कार्रवाई

**रायपुर।** प्रगतिशील छग सतनामी समाज के कार्यकारी सदस्य अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र ने गिरौदपुरी धाम में हुई घटना तथा बलौदाबाजार में आगजनी के संबंध में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। श्री त्रिवेंद्र ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि पूजनीय जैतखंब में तोड़फोड़ की घटना निंदनीय है। दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। वहीं शांतिपूर्ण तरीके से सतनामी समाज के लोग विरोध प्रदर्शन करने गए थे, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों ने मौके का फायदा उठाते हुए बलौदाबाजार में शासकीय कार्यालय में आगजनी एवं तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद बड़ी संख्या में समाजजनों पर कार्रवाई की जा रही है। वास्तविक आरोपियों की तलाश कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### पर्यावरण बचाने हनुमान चालीसा पाठ 24 को

**रायपुर।** पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए, संबंधित विभाग के अधिकारियों को जगाने पर्यावरण संरक्षण मंडल कार्यालय टाटीबंद के सामने मजदूर सेवा समिति द्वारा 24 जून को हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इस संबंध में अजय चकोले ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी है कि मजदूर सेवा समिति को लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि उरला, सिलतरा, बिरगांव, बोरझरा क्षेत्र में कारखानों, फैक्ट्रियों द्वारा पर्यावरण को प्रदूषित किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों को भी इसकी जानकारी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। विभाग को जगाने के लिए समिति द्वारा हनुमान चालीसा पाठ करने का निर्णय लिया गया है। पर्यावरण दिवस के मौके पर मजदूर सेवा समिति ने औद्योगिक क्षेत्र उरला में शिविर लगाकर हजारों पौधे निशुल्क वितरित किए।

### सवा पांच लाख के जेवर जब्त, नाबालिग गिरफ्तार



**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में सूने मकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सवा पांच लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए हैं। पुलिस ने चोरी के आरोप में जिस नाबालिग को गिरफ्तार किया है, वह पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। बृजेश चौधरी ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। बृजेश ने पुलिस को बताया कि वह परिवार सहित 4 जून को अंबिकापुर गया था। वहां से 10 जून को वापस लौटने के बाद उसे अपने घर में चोरी होने की जानकारी मिली।

### अरविंद बने वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष



**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को लोधी रोड दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, चेयरमैन शशिकांत शर्मा, वाइस चेयरमैन सुखबीर शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष केसी पाण्डेय की उपस्थिति में हुई। चेयरमैन श्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा को स्मृति चिन्ह एवं नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### मूर्तिकार अशोक को सुरुज बाई खांडे सम्मान



**रायपुर।** अंचल के मूर्तिकार अशोक देवांगन को इस वर्ष का अंतर्राष्ट्रीय भरथरी गायिका सुरूज बाई खांडे सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पद्मश्री उषा बारले एवं पद्मश्री अजय मंडावी ने प्रदान किया। श्री देवांगन लोहे के कबाड़ से बड़ी से बड़ी कलाकृतियां बनाने के लिए प्रसिद्ध हैं। इस उपलब्धि पर कला जगत के विभिन्न कलाकारों डीएस विद्यार्थी, अंकुश देवांगन, मोहन बराल, मनीष आदि ने हर्ष जताया है।

# लॉ छात्रों को बांट दिए गलत प्रश्नपत्र, प्रबंधन ने कहा-लिखकर दें हम परीक्षा नहीं देंगे

## हंगामे के बाद परीक्षा निरस्त, शुक्रवार सुबह से रविवि में होता रहा बीएएलएलबी छात्रों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय मूल्यांकन से लेकर जल्द परिणाम जारी किए जाने तक, कई तरह के वादे करने वाले रविवि की परीक्षा में एक बार फिर बड़ी चूक सामने आई है। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत शुक्रवार सुबह प्रथम पाली में बीएएलएलबी द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं थी। निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार, राजनीति विज्ञान तृतीय प्रश्नपत्र की परीक्षा शुक्रवार को थी। इसके स्थान पर रविवि ने राजनीति विज्ञान चतुर्थ प्रश्नपत्र के पर्चे बांट दिए। जब छात्रों ने प्रश्नपत्र देखे को उनके होश उड़ गए। इसके बाद सभी छात्रों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। परीक्षा कक्ष छोड़कर छात्रों ने विवि का प्रशासनिक भवन घेर लिया। इसके बाद रविवि ने परीक्षा निरस्त कर दी। विवि प्रबंधन द्वारा 10 जुलाई के बाद परीक्षाएं आयोजित किए जाने की बात कही गई है। शेष विषयों की परीक्षाएं होने के बाद रविवि निरस्त हो चुके विषय की परीक्षा लेगा। निश्चित तिथि रविवि द्वारा नहीं बताई गई है। दोबारा परीक्षा आयोजित किए जाने संबंधित आश्वासन के पश्चात छात्रों का हंगामा समाप्त हुआ।

### बड़ी लापरवाही

राजनीति विज्ञान चतुर्थ प्रश्नपत्र की परीक्षा एक जुलाई को होनी थी। परीक्षा से पूर्व ही प्रश्नपत्रों के इस वितरण से कई तरह के सवाल खड़े हो गए हैं। विवि द्वारा अभी तक इस पर कोई जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। गलत प्रश्नपत्र बांटे जाने के बाद लगभग एक घंटे तक छात्रों को बैठाए रखा गया, तत्पश्चात उन्हें परीक्षा निरस्त होने की जानकारी दी गई।



### तिथि निर्धारण जल्द

परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। इसके लिए नई तिथि का निर्धारण जल्द किया जाएगा। छात्रहित हमारे लिए सर्वोपरी है।

**-प्रो.राजीव चौधरी,** जनसंपर्क प्रभारी, रविवि

### छात्रों का आवेदन लिखने से इनकार

*परीक्षा दिलाने आए बीएएलएलबी छात्रों का कहना है कि गलत प्रश्नपत्र थमा दिए जाने के बाद जब छात्रों द्वारा विरोध किया गया तो विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा कहा गया कि वे आवेदन लिखकर दें कि वे आज परीक्षा नहीं दिलाना चाहते हैं। इसका भी छात्रों द्वारा विरोध किया गया और किसी तरह के आवेदन लिखे जाने से विद्यार्थियों द्वारा इनकार कर दिया गया। मामले को बढ़ता देखकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.शैलेंद्र पटेल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। छात्रों को समझाइश देकर बगैर परीक्षा दिलाए भेजा गया।*

## ट्रेन रद्द होने से बसों के जरिए रायपुर पहुंच रहा है व्यापारियों का सामान

# ट्रेनें रद्द, अब 'बस' बनी मालवाहक भोपाल-नागपुर से पहुंच रहा सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून सीजन से पहले ट्रेनों के लगातार रद्द होने से शहर के व्यापारियों का सामान महानगरों से समय पर रायपुर नहीं पहुंच रहा है। 13 जुलाई तक 100 ट्रेन विभिन्न रूट में रद्द हैं। ऐसे में अब व्यापारियों ने बसों को ही माल वाहक बना लिया है। दिल्ली, भोपाल, नागपुर और हैदराबाद समेत अन्य महानगरों की बसों में बड़ी संख्या में व्यापारियों का सामान पहुंचने लगा है। आलम यह है कि बसों में यात्रियों के साथ अब लगेज भी ओवरलोड होने लगा है। जून में लगातार ट्रेनों के रद्द होने से दूसरे राज्यों से सामान आने में समय लग रहा है। सुबह और रात के समय रायपुर पहुंच रही बसों की छत पर भारी सामान देखने को मिल रहा है। बस संचालकों का भी कहना है कि ट्रेनों के रद्द होने पर कपड़े, जूते और स्टेशनरी के साथ फैंसी चीजों के व्यापारी बसों के जरिए सामान भिजवा रहे हैं।

### खास बातें

- बसों में अब यात्रियों साथ लगेज भी हुआ ओवरलोड
- नियमों की अनदेखी कर बसों की छत पर ढो रहे सामान, दुर्घटनाओं से नहीं लिया सबक




### अंबिकापुर और दंतेवाड़ा रूट पर ओवरलोड अधिक

*बसस्टैंड से अंबिकापुर और राजिम, महासमुंद, दंतेवाड़ा रूट पर सबसे अधिक बसें चलती हैं। अंबिकापुर जाने के लिए देर रात तक लग्जरी बसों के साथ सामान्य बसें चल रही हैं। दोनों रूट पर चलने वाली बसों में ओवरलोड लगेज जमकर ढोया जा रहा है। दंतेवाड़ा रूट पर भी 3 से 5 फीट तक बसों की छतों पर सामान भरा जा रहा है। बसों की छतों पर ओवरलोड लगेज लाने और ले जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी यातायात पुलिस व आरटीओ की है, लेकिन शहर के भीतर से गुजरने वाली और नया बसस्टैंड से प्रतिदिन दूसरे राज्यों और जिलों के लिए रवाना होने वाली बसों की जांच नहीं होने से बस संचालकों के हौसले बुलंद हो चुके हैं।*

### बसों की छत पर 5 फीट तक लगेज

*शहर में परिवहन के नियमों को ताक पर रखकर बस संचालक यात्रियों के साथ भारी लगेज भी ढो रहे हैं। इससे हर समय दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। बसों में यात्री से ज्यादा अब व्यापारियों का सामान चढ़ाया जा रहा है। भाठागांव बसस्टैंड से यूपी, बिहार, भोपाल, नागपुर, झारखंड समेत कई राज्यों के लिए बसें चलती हैं। इनमें खासकर यूपी और झारखंड जाने वाली बसों के साथ अंबिकापुर, राजिम और महासमुंद, दंतेवाड़ा रूट पर सबसे ज्यादा लगेज ढोए जा रहे हैं। दूसरी ओर कई बसों की छत पर 3 से 5 फीट तक सामान रखा जा रहा है। मानसून को लेकर व्यापारियों का लगेज सामान ट्रेन रद्द के बाद से बढ़ा है। यह यात्रियों की परेशानी के साथ हादसे की वजह भी बन रहा है। बसों की छत पर लगेज लादने और उतारते समय यात्रियों को भी खासी परेशानी हो रही है, लेकिन गंतव्य तक जाने की मजबूरी में कुछ कह नहीं पाते।*

# रेत घाट मौत मामले में तीन गिरफ्तार, तीन की पतासाजी

## जेसीबी मशीन से दबकर युवक की हुई थी मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

गोबरानवापारा थाना क्षेत्र में नदी में अवैध रूप से रेत उत्खनन करने के दौरान मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, घटना में शामिल तीन अन्य की तलाश जारी है। घटना तीन दिन पुरानी है। पुलिस को रेत घाट में अज्ञात युवक की लाश मिली थी। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पुलिस ने मृतक की शिनाख्त की। इसके बाद मौत के कारणों का पता लगाने के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। उल्लेखनीय है कि रेत घाट में अवैध उत्खनन करने के दौरान युवक की मौत मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है। इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पारागांव रेत खदान में रेत उत्खनन करने के दौरान जेसीबी मशीन से दबकर अभनपुर निवासी राजेश यादव की मौत हुई थी। पुलिस ने राजेश की मौत मामले में अभनपुर निवासी जयवर्धन बघेल, बेमेतरा निवासी निलेश सिंह राजपूत तथा दुर्ग निवासी विमलेश द्विवेदी को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा घटना में शामिल फरार आरोपी मुकेश ढीढी, अंकित तिवारी तथा अज्जू उर्फ जबाहिर कर्ष की पतासाजी कर रही है। पुलिस के अनुसार जेसीबी मशीन में दबने से राजेश की दिल की धड़कन रुकने से मौत हुई है। पुलिस ने खनिज अधिकारी द्वारा लिखे पत्र के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# सिख ड्राइवर का अपमान दो आरक्षक निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के इंटर स्टेट बस टर्मिनल में बस में सो रहे एक सिख ड्राइवर की पगड़ी उतारकर तथा बाल खींचकर मारने के आरोप में एसएसपी संतोष सिंह ने दो आरक्षकों को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। सिख ड्राइवर की पगड़ी उतारकर मारने की घटना के विरोध में सिख समाज के साथ ड्राइवर एसोसिएशन ने एसएसपी के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर एसएसपी ने आरक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। घटना आठ-नौ जून दरमियानी रात की है। बस ड्राइवर बहादुर सिंह की पगड़ी उतारने तथा मारपीट करने के आरोप में एसएसपी ने आरक्षक चंद्रभान भदोरिया, सुरजीत सिंह सेंगर को निलंबित किया है। बस ड्राइवर के मुताबिक घटना दिनांक को वह बस के अंदर सो रहा था, इस दौरान दोनों आरक्षक उसके पास पहुंचे और उससे वहां रहने का कारण पूछा। तब बहादुर ने आरक्षकों को बताया कि वह महेंद्रा ट्रैवल्स का ड्राइवर है और वह बस में ही सोता है। इस पर आरक्षकों ने बहादुर से गाली-गलौज करने के साथ बदसलूकी की। गाली-गलौज करने का विरोध करने पर मौके पर आरक्षकों ने बहादुर की पगड़ी खोलकर मौके पर ही मारपीट कर थाना ले आए और वहां उसकी पट्टे से पिटाई करते हुए प्रतिबंधित धारा लगाकर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

- घटना टिकरापारा इंटर स्टेट बस टर्मिनल की

# मानसून से पूर्व नाले-नालियों की शत प्रतिशत करें सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश के दिनों में शहर में अनेक स्थानों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। ज्यादातर जलभराव नाली-नालों की सफाई नहीं होने तथा पानी निकासी के रास्ते बंद होने के कारण होता है। बारिश के दिनों में ऐसी कहीं स्थिति निर्मित नहीं हो, इसके लिए नगर निगम नाली-नालों की सफाई का अभियान चला रहा है, साथ ही जलभराव जैसे हालातों से निपटने के लिए सभी जोन कार्यालयों में बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम भी बनाई गई है। महापौर एजाज ढेबर ने शुक्रवार को सभी नाली-नालों की सफाई और जलभराव से निपटने की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी नाली-नालों की सफाई नहीं है, वहां बारिश से पूर्व सफाई करा लें तथा जलभराव से निपटने के लिए टीम को भी तैयार रखें। महापौर ने निगम मुख्यालय में सभी जोन कमिश्नरों एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही भी उपस्थित रहीं। उन्होंने बैठक में मानसून के दौरान सुगम निकास प्रबंधन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी ली एवं इसकी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी ने महापौर को जानकारी दी कि अब तक नाले-नालियों की 2 चरणों में सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, वहीं तीसरे चरण का काम जारी है।

- जलभराव से निपटने तैयार रखें टीम

# नहीं हो रही बारिश, सरगुजा समेत रायपुर में ग्रीष्मलहर के हालात

## मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में जल्दी सक्रिय होने की कम है गुंजाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून की गति धीमी और बारिश नहीं होने की वजह से सरगुजा और रायपुर संभाग में ग्रीष्मलहर के हालात बन गए हैं। दिन और रात का तापमान सामान्य से छह डिग्री तक अधिक होने की वजह से यहां तेज गर्मी पड़ रही है। मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में जल्द सक्रिय होने के आसार नहीं हैं। राज्य में अभी नमी की मात्रा पचास फीसदी तक सीमित है और क हीं - क हीं बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अभी राज्य में व्यापक रूप से बारिश की स्थिति नहीं बन पाई है। तापमान बढ़ने पर शाम होते ही अलग-अलग स्थानों पर अंधड़ के साथ वर्षा हो रही है। शुक्रवार की शाम जशपुर और राजनांदगांव में इस तरह के हालात बने। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जब तापमान चालीस डिग्री से अधिक और पारा सामान्य से पांच से छह डिग्री तक अधिक होता है, तो उस इलाके में ग्रीष्मलहर के हालात बन जाते हैं। दोनों परिस्थिति सरगुजा और रायपुर में बनी हुई है। शुक्रवार को रायपुर का पारा 41 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री अधिक था। वातावरण में केवल पचास प्रतिशत नमी होने की वजह से धूप का प्रभाव काफी विचलित करने वाला था। सुकमा के बाद बीजापुर तक पहुंचे मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में सक्रिय होने के लिए कुछ और वक्त लगने की संभावना है। पिछली बार की तरह पूरे प्रदेश में इसके 23 जून के बाद ही असर दिखाने के आसार बन रहे हैं।

- मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में जल्दी सक्रिय होने की कम है गुंजाइश
- दिन के साथ रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा, नमी 50 फीसदी



जून में तापमान के तेवर

| शहर | अधिकतम | अंतर |
|---|---|---|
| रायपुर | 40.0 | +5.7 |
| माना | 40.3 | +4.8 |
| बिलासपुर | 37.2 | -2.6 |
| पेंड्रा | 39.8 | +5.6 |
| अंबिकापुर | 41.0 | +6.6 |
| दुर्ग | 40.6 | +3.3 |

### तापमान में गिरावट के आसार


मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी राज्य के ज्यादातर स्तर पर गरज-चमक की स्थिति बनी हुई है। कहीं-कहीं ही तेज बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में घरघोड़ा में चार, सराईपाली में तीन और बसना में एक सेमी. वर्षा हुई है। वहीं कुछ एक स्थानों पर बूंदाबांदी जैसी स्थिति बनी हुई है। अगले चौबीस घंटे में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## जुलाई अंत तक होंगे महाविद्यालयों में दाखिले

# 48 घंटे बाद शुरू होगी अर्जी, पहली मेरिट लिस्ट 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा प्रवेश संबंधित प्रक्रियाओं के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, रविवि से संबद्ध महाविद्यालयों में दाखिले के लिए आवेदन 17 जून से प्रारंभ हो जाएंगे। इस बार भी आवेदन केंद्रीकृत ही होगा, अर्थात सभी महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन रविवि के पोर्टल में जाकर ही किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के पोर्टल में आवेदन करने के दौरान छात्रों को पांच विकल्प का चयन करना होगा। अपनी प्राथमिकता के आधार पर छात्र पांच महाविद्यालयों का चयन कर सकेंगे। छात्रों द्वारा जिन पांच कॉलेजों का चयन किया गया है, उन महाविद्यालयों को छात्रों के नाम भेजे जाएंगे। महाविद्यालय द्वारा रविवि से प्राप्त छात्रों की सूची के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। छात्रों का चयन पिछली कक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा। इसके बाद छात्रों को निर्धारित अवधि में संबंधित महाविद्यालय में प्रवेश लेना होगा। इसी तरह दूसरे और तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होगी। विश्वविद्यालय द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, महाविद्यालयों में दाखिले जुलाई अंत होंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए शैक्षणिक कलैंडर के अनुसार, जुलाई अंत तक प्रवेश के बाद 14 अगस्त तक कुलपति की विशेष अनुमति से प्रवेश दिए जा सकेंगे।



### 31 जुलाई के बाद खोल दी जाएंगी सीटें

*रविवि द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, 31 जुलाई को रिक्त स्थान सभी वर्गों के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके बाद छात्रों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। रिक्त सीटों को महाविद्यालय के प्राचार्य नियमानुसार अपने स्तर पर पूर्ण करेंगे। इसके साथ ही रविवि द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि विवि की लिखित अनुमति लिए बगैर कोई भी महाविद्यालय ऑफलाइन प्रवेश प्रदान नहीं करेंगे। गौरतलब है कि इस सत्र से महाविद्यालयों में चार वर्षीय सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली आधारित स्नातक पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है।*

### ई-वे बिल प्रावधानों का पालन अनिवार्य

**रायपुर।** जीएसटी राज्य कर विभाग ने सिविल लाइंस स्थित संभागीय कार्यालय में महात्मा गांधी मीटिंग हॉल में ट्रांसपोर्टरों की सुविधा के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान उनकी सुविधा के लिए ई-वे बिल के प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि 24 मई 2024 को शासन की उस अधिसूचना को विखंडित कर दिया गया है, जिसमें ई-वे बिलों में छूट दी गई थी।



## खबर संक्षेप

### कार्य में लापरवाही पर बिजली विभाग कुनकुरी के एई और जेई निलंबित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने काम में लापरवाही करने वालों पर गाज गिराने का क्रम प्रारंभ कर दिया है। कुछ दिनों पहले ही पॉवर कंपनी के अध्यक्ष पी. दयानंद ने अधिकारियों की बैठक में काम में लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करने की बात की थी, अब इस पर अमल प्रारंभ हो गया है।

कुनकुरी शहर में विद्युत सुधार संबंधी कार्यों में लापरवाही बरतने के लिए कुनकुरी में पदस्थ सहायक यंत्री आरआर साहू तथा कनिष्ठ यंत्री दिनेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता अंबिकापुर शिरीष सेलट द्वारा जारी आदेशानुसार के मुताबिक कार्यपालन यंत्री (संचालन-संचारण) संभाग जशपुर, अधीनस्थ कार्यालय सहायक यंत्री उपसंभाग कुनकुरी में पदस्थ आरआर साहू सहायक यंत्री को कार्य में लापरवाही बरतने एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय कार्यालय अधीक्षण यंत्री, वृत्त बैकुंठपुर निर्धारित किया गया है। इसी तरह अधीक्षण यंत्री अंबिकापुर आर.के मिश्रा द्वारा जारी आदेशानुसार कार्यपालन यंत्री (संचालन-संधारण) संभाग जशपुर अधीनस्थ कार्यालय कनिष्ठ यंत्री वितरण केंद्र कुनकुरी में पदस्थ दिनेश कनिष्ठ यंत्री को कार्य में लापरवाही बरतने एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय कार्यपालन यंत्री (संचालन-संधारण), संभाग बलरामपुर निर्धारित किया गया है।

## निधन

### बहुरसिंह हिरवानी



**लाटाबोड़।** सियनमरा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक बहुरसिंह हिरवानी का निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। वे श्याम सुन्दर, थानु राम, अशोक व ओमप्रकाश के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

### कलंगपुर में आयोजित किसानों की बैठक में विशेषज्ञों ने दी राय

# जैविक खेती पर दें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

गत दिनों गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम कलंगपुर जय बलराम किसान समूह के तत्वावधान में स्थानीय कलंगपुर सहित आसपास के गांवों के किसानों की बैठक स्थानीय साहू सामुदायिक भवन में रखी गई थी। बैठक का शुभारंभ भगवान बलभद्र की पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान जैविक खेती करने पर उन से होने वाले फायदे एवं आधुनिक रासायनिक खेती से जमीन को होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया गया। जैविक भारत मिशन अंतर्गत कृषि वैज्ञानिक पंडित अनिल नागर इंदौर ने कहा कि आज के परिवेश को देखते हुए किसान भाईयों को जैविक खेती में ज्यादा ध्यान देना चाहिए। जैविक खाद दवाईयों का उपयोग करने से जमीन बहुत ही उपजाऊ बनती है। साथ ही फसल की पैदावारी में वृद्धि होगी।

■ बैठक में कलंगपुर सहित आसपास के गांवों के किसान हुए शामिल





श्री नागर ने कहा कि वर्तमान में किसानों को अधिक फसलों की पैदावार के लिए रासायनिक खाद व जहरीले दवाईयों का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे जमीन पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। साथ ही इस तरह की खाद दवाई युक्त उत्पन्न फसल का सेवन करने से लोगों में अनेक प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो रही है। इस दौरान कृष्णा मिश्रा, कुमार हिरवानी, रवि गजेंद्र, भेजराज, लक्ष्मी नारायण साहू, सांवत राम साहू, दिलीप कुमार कुल्हारे, रोमलाल, मिलन सिन्हा, जीतु महतो, दुष्यंत सिन्हा, भुवनेश्वर कुल्हारे, अश्वनी साहू, शेखर साहू, चित्रसेन साहू, हरिराम साहू, दारिका साहू, रामकृष्ण सिन्हा, युवराज साहू, केवल यादव, कृष लाल यादव, डाकवर सिन्हा, संतोष सिन्हा, गैंदलाल साहू, मेघराज साहू, जीवधन साहू, पोखन लाल सिन्हा, छबि मंडावी, अश्वनी सिन्हा, संतोष देवांगन, पूरन धनकर, डोमन लाल साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# कुसुमकसा के लोगों को मिली सामुदायिक भवन की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

शहीद गेंदसिंह नायक भवन कुसुमकसा में विधायक अनिला भेड़िया ने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धरम सिंह पिस्दा ने की। इस दौरान मिथलेश निरोटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सिवराम सिंद्रामे सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, राजेश चुरेंद्र विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां दंतेश्वरी के तैल चित्र की पूजा-अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक अनिला भेड़िया ने हमेशा समाज के लिए कार्य करते रहने की बात कही। उन्होंने सामाजिक बंधुओं की मांग पर भवन में फ्लोरिंग कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे धरम सिंह पिस्दा ने विधायक अनिला भेड़िया एवं मिथलेश नुरेटी को भवन निर्माण एवं बोर के लिए धन्यवाद् प्रेषित किया। मिथलेश निरोटी ने अपने उद्बोधन में हमेशा समाज को सहयोग करने की बात कही तथा भवन परिसर में उनके सहयोग से कराए गए बोर के लिए मोटर की व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया। प्रकाश आर्य ने अपने उद्बोधन में सामाजिक एकता एवं संगठन पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में राजेश चुरेंद्र ने सामाजिक संगठन पर काम करने की बात कही।सरपंच शिवराम सिंद्रामे ने भवन में नाली निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम का समापन छत्तरसिंह कोमा ने किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश रावतें एवं रामकुमार ठाकुर ने किया। उक्त कार्यक्रम में तिहार सिंह तारम, पुषोत्तम चिराम, पवारा कोठरी, अमरोतिन मसीया, हेमलता पिस्दा, घनाराम, प्रकाश चुरेंद्र, आत्मा राम चुरेंद्र, जोगी रावते, कीर्तन रावते, दसरू, सुब्ला, देवलाल पिस्दा, अर्जुन सहारे, मीणा बाई, रूपोतीन बाई, लता बाई सहारे, गंगा धर लेडिया, गोविंद हेमन्त पटेल, सोमनाथ रावते सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

■ विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिला ने किया लोकार्पण

# ईंट भट्ठे ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

तहसील मुख्यालय से 7 किमी दूर भिलाई गांव में मुख्यमार्ग पर किसानी जमीन पर कुम्हार जाति होने का फायदा उठाते हुए लाखों ईंटों का संग्रहण कर कई वर्षों से अवैध रूप से बेचा जा रहा है। मुख्यमार्ग जहाँ पर ईंटों का निर्माण किया जा रहा है, वहीं हरे-भरे वृक्षों को भी नुकसान हो रहा है। गांव भिलाई में ईंट भट्टा संचालकों ने बिना ग्रामसभा और पंचायत के बिना अनुमति पत्र प्राप्त किये सरपंच ने रसीद काटकर संरक्षण दिया है। वहीं मामले में राजस्व विभाग, खनिज विभाग व पर्यावरण विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से उनकी कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। भिलाई गांव में मुख्यमार्ग और बस्ती के पास ही ईंट बनने से ग्रामीणों का कहना है यहाँ से निकलने वाले धुआं व मुख्य सड़क पर राख उड़ने से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर गर्मी के दिनों में सड़क किनारे बनाए गए ईंट भट्टे से निकलने गर्मी व उड़ता धुआं राहगीरों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। उसके बाद भी ग्राम पंचायत सरपंच के संरक्षण में ईंटभट्टा संचालकों के हौसले बुलंद हैं। इस मामले में सरपंच भिलाई उमेश ठाकुर ने कहा कि मेरे कार्यकाल में पंचायत से कोई अनुमति नहीं दी गई है।

# ब्रह्माकुमारी दीदियों ने बताई सदा खुश रहते हुए जीवन जीने की कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में सिंधी समाज के लिए स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में महिला मंडल अध्यक्ष तन्नू जज्ञासी, प्राची लालवानी, वंशिका आहूजा एवं शंकर चेनानी, हरि चेनानी, श्याम माधवानी और अजय कारडा के साथ समाज के प्रबुध्द जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत शिवपिता की याद से दीप प्रज्जवलन कर किया गया। ब्रह्माकुमारी अनिता एवं ब्रह्माकुारी लीशा दीदी ने आत्मा व कर्मों की गहन गति के साथ राजयोग का अभ्यास कराया। ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने सदा खुश रहने की व जीवन जीने की कला पर प्रकाश डाला। बालोद की संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने संस्था के संस्थापक ब्रह्मा बाबा के जीवन कहानी से अवगत कराया। उन्होंने ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था के संस्थापक निराकार शिव के साकार माध्यम प्रजापिता ब्रह्मा बाबा जिसका लौकिक नाम दादा लेखराज कृपलानी सिंधी समाज से थे। मानव कल्याण के लिए सिंधी समाज का विशेष योगदान रहा है, इस कारण से विश्व के 146 देशों में संस्था अपनी सेवाएं दे रही तथा समाज के सदस्यों के लिए स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।






पेज 11 के शेष...

### महंगाई भत्ते में...

सहित 50 प्रतिशत भत्ते प्रदान करने की मांग की है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश भाजपा ने विधानसभा चुनाव के पहले छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी 2023 के नाम से जारी घोषणा पत्र में प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले डीए के समान देय तिथि से डीए देने व एरियर्स राशि को जीपीएफ में समायोजन का वादा किया है, अतः प्रदेश सरकार राज्य के कर्मचारियों के मँहगाई भत्ते में केंद्र के समान वृद्धि कर अपना वादा निभाए व पूर्व के सभी डीए का देय तिथि से एरियर्स गणना कर भुगतान की जाए।

### हाईवा की टक्कर

की चपेट में सड़क किनारे खड़ा किया गया मोटर सायकल वाहन क्रमांक सी जी 24 जे 6708 भी आ गया, जिससे उसके परखचे उड़ गए। वहीं, इस सड़क दुर्घटना में खाली ट्रक के ड्राइवर साइड और हाइवा वाहन के हेल्पर साइड में टूटफूट हुई है। गनीमत रही कि मोटरसाइकिल में कोई भी व्यक्ति सवार नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बड़े वाहनों के चालकों द्वारा तेज रफ्तार गाड़ी चलाने की वजह से और गाड़ी में नियंत्रण नहीं रखने की वजह से इसी तरह की घटनाएं होती रहती हैं, जिसका खामियाजा छोटे वाहन चालकों को जान देकर भुगतना पड़ता है। घटना से कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया, लेकिन पुलिस विभाग ने मोर्चा संभाला और यातायात सुविधा दुरुस्त किया।

### खाद के लिए अभी...

मिट्रिक टन भंडारण किया गया और 536 मिट्रिक टन वितरण किया गया और 320 मिट्रिक टन शेष है।

**बीते वर्ष थी यह स्थिति-** वही बीते वित्तीय वर्ष में 2023–24 में खाद पूर्ति का आंकड़ा देखें, तो डीएपी की खपत 19058 मिट्रिक टन और इफ्को 5585 मिट्रिक टन था। वही यूरिया 36526 मिट्रिक टन, सुपर फासफेट 7729 मिट्रिक टन, पोटाश 3569 मिट्रिक टन था। वहीं, खाद मूल्यों की बात करें तो यूरिया 266.50 रूपये प्रति बोरी, सुपर फासफेट दानेदार 510 रूपये सुपर फासफेट पाउडर 470 रूपये, 20.20.13 नंबर की इफ्को खाद 1199 रूपये प्रति बोरी, पोटाश 1699 रूपये, 12.32.16 नंबर की इफ्को खाद 1470 रूपये में उपलब्ध है तथा डीएपी 1350 रूपये में उपलब्ध हो रही थी।



## खबर संक्षेप

### धड़ल्ले से चल रहा सट्टे का कारोबार

**धमधा।** धमधा क्षेत्र के गांव मे सट्टा का कारोबार लंबे समय से चल रहा है। पुलिस प्रशासन से लंबी सेटिंग के कारण इनके कार्य में कोई बाधा नही आती। सरकार किसी की भी हो इनसे इन सट्टा खाईवाल को कोई दिक्कत नहीं रहती। क्योंकि इन खाईवालों में दोनों बडे दलों के लोग मिलकर इस अवैध कार्य को अंजाम देते हैं। अभी आईपीएल सट्टा मे खाईवाल करोड़ों रूपये कमाई करके शांत हो गये थे। लेकिन टी 20 विश्व कप चालू होने के बाद से ये सट्टा खाईवाल फिर सक्रिय होकर अपना कार्य खुलेआम कर रहे हैं। इस कार्य के लिए बकायदा कोड बनाया गया है और इस कार्य के लिए पुरूष के साथ एक महिला भी जुड़ी है। लोग तो यहां तक बताते हैं कि वो महिला किसी राजनैतिक दल से जुड़ी हुई हैं जिसका फायदा उठाकर वो यह कार्य लंबे समय से कर रही है। एक एक बाल में खेल खेला जा रहा है और पुलिस विभाग आंख मुंदे बैठा हुआ है। सट्टा खाईवाल हर रोज लाखों रुपये की अवैध कमाई कर रहा है। वहीं खेलने वाले कंगाल हो रहे हैं। धमधा नगरवासी सहित अनेकों लोग शिकायत करते करते थक गये हैं, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने से लोगों का मनोबल टूट गया है।

## निधन

### सेवक राम चन्द्राकर



**अंडा।** बिम्लेश्वरी कालोनी वार्ड क्रमांक 52 बोरसी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सेवकराम चन्द्राकर का 15 जून को निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। वे ऋषिराज चन्द्राकर के पिता व नयन चन्द्राकर के दादाजी थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

पर्व : महेश नवमी पर हुए कई कार्यक्रम, शनिवार को निकाली गई शोभायात्रा

# माहेश्वरी समाज ने नगर की 36 बुजुर्ग माताओं का किया सम्मान और लिया उनका आशीर्वाद





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

माहेश्वरी समाज ने शनिवार को अपना 5157वां उत्पत्ति दिवस मनाया। माहेश्वरी समाज द्वारा अपने उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के एक दिन पूर्व से ही पूजन आयोजन का क्रम प्रारंभ हो गया था। जिसका समापन शनिवार की संध्या शोभायात्रा के साथ हुई। बालोद माहेश्वरी समाज ने इस वर्ष महेश नवमी को माँ को समर्पित कर दिया। नगर की 65 वर्ष से अधिक उम्र की मां का सम्मान किया गया। वहीं, स्मृति शेष रह गए माँ का वृत्तचित्र के माध्यम से स्मरण कर नमन किया। इस अवसर नगर की 36 मां का सम्मान समाज ने किया। नगर के माहेश्वरी समाज की मां का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लेकर माहेश्वरी समाज प्रफुल्लित था। उत्साह उमंग एवं श्रद्धाभाव से सभी ने मां का स्वागत सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा अध्यक्ष सुरेश मुंदड़ा थे, अध्यक्षता बालोद माहेश्वरी पंचायत अध्यक्ष स्वरूप राठी ने की। विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रादेशिक युवा संगठन कोषाध्यक्ष आयुश टावरी, छ.ग माहेश्वरी महिला मण्डल उपाध्यक्ष संगीता टुवानी, प्रादेशिक सभा कार्यकारणी सदस्य शैलेन्द्र माहेश्वरी थे। मंच पर महिला मण्डल अध्यक्ष संगीता टावरी, युवा मण्डल अध्यक्ष यश चांडक अतिथि के साथ मंचासीन थे। सुरेश मुंदड़ा ने कहा कि हम बुजुर्गों का सम्मान समारोह रखते थे, लेकिन बालोद ने हमें प्रेरणा दी कि बुजुर्गों का सम्मान के स्थान पर हम उसे माता-पिता का सम्मान समारोह संबोधित करें। इससे भावनात्मक संबंध जुड़ेंगे। समर्पण के भाव से सम्मान होगा एवं माता-पिता का सम्मान समाज को मिलेगा।

### मां से बड़ा कोई नहीं

बालोद अध्यक्ष स्वरूप राठी ने कहा कि मां शक्ति का प्रतीक है, मां प्यार का सागर है, स्नेह का बंधन है, मां से बड़ा कोई नहीं है। कार्यक्रम में सोहन लाल टावरी, घनश्याम दास जाजू, किशन पंपालिया, अशोक टुवानी, नवरतनलाल टावरी, दिलीप राठी, गोवर्धन लाल चांडक, पुरूशोत्तम टुवानी, घनश्याम सांरडा, महिला मंडल से सुनीता टुवानी, सरोज टुवानी, मीना टुवानी, किरण पंपालिया, ज्योति राठी, ज्योति टावरी, किरण काबरा, सीमा चाण्डक, तारा राठी, छाया राठी, रजनी टुवानी, उषा राठी, ममता टावरी, गौरी टावरी, उमा मंत्री, मीना काबरा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



### समाज के वरिष्ठजनों के लिए हो चौपाल का आयोजन

सुरेश मुंदड़ा ने अपने प्रादेशिक अध्यक्षीय कार्यकाल के 17 माह की गतिविधियों को बताते हुए कहा कि हम चौपाल का आयोजन कर वरिष्ठों को एक स्थान पर एकत्रित करें। इससे उनका समय हंसी खुशी व्यतीत होगा। उन्होंने कमजोर परिवार के उत्थान, जरूरतमंद परिवारों, बहनों, छात्रों की सहायता के लिए किए जा रहे कार्यों, व्यवसाय वृद्धि के लिए आर्थिक आधार देने जैसी कई अन्य योजनाओं की जानकारी दी। सुरेश मुंदड़ा ने बताया कि प्रादेशिक माहेश्वरी संगठन ने राजधानी स्थित दो चिन्हांकित अस्पतालों के साथ समाज का एमओयू हुआ है। इसके तहत माहेश्वरी समाज का कोई भी व्यक्ति यदि वहां भर्ती होता है, तो चिकित्सा बिल में 10 से 20 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। उन्होंने बताया कि दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर के अस्पतालों के साथ भी एमओयू हुआ है।

### बालोद में आवासीय शिविर 26 से

संगीता टुवानी ने कहा कि उत्साह व मन से किया गया कार्य जरूर सफल होता है। संगीता टुवानी ने बताया कि प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन ने 26 से 27 जुलाई तक बालोद में आवासीय शिविर रखा है। इसमे 65 से 75 वर्ष तक की उम्र की महिलाओं को खेल, योगा, अध्यात्म मनोरंजन सहित कई गतिविधियां कराई जाएंगी। आयुष टावरी ने कहा कि प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन ने महेश युवा कोष ट्रस्ट की स्थापना की है। इसके उद्देश्य व संचालन के संबंध में जल्द ही जानकारी उपलब्ध करा दी जाएगी।

# विधायक कुंवर सिंह ने किया सामाजिक भवन का लोकार्पण



**गुण्डरदेही।** ग्राम लिमोरा में क्षेत्रीय निषाद समाज के वार्षिक अधिवेशन में पहुंचे विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज कुंवर सिंह निषाद ने समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने भगवान श्री रामचंद्र की पूजा-अर्चना कर समाज एवं क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की।

विधायक निषाद ने कहा कि निषाद समाज की उन्नति के लिए लोगों को शिक्षा से जोड़ना बेहद आवश्यक है। इसके साथ ही नशे से दूर रहना है। इसके लिए जरूरी है कि हम अपने बच्चों पर निगरानी रखें। वह कहां आ रहे हैं, कहां जा रहे हैं, इस बात का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि आज युवाओं एवं महिलाओं की सामाजिक अधिवेशन में सहभागिता निभाने की जरूरत है, ताकि समाज की दिशा तय की जा सके। अधिवेशन में अध्यक्ष जिला निषाद समाज बालोद राजेंद्र निषाद, उपाध्यक्ष संतोष निषाद, कल्याण सिंह साहू, योगेंद्र चंद्राकर, चिंता राम चंद्राकर, लाभूराम निषाद, तोरण पारकर सहित समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भंवरमरा में शिक्षकों को दिया गया जोन स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जोन स्तरीय कक्षा 1 से 3 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों का 12 से 15 जून तक एफएलएन का प्रशिक्षण शनिवार को जोन भंवरमरा में आयोजित किया गया। इस जोन के अंतर्गत संकुल माटरी, भंवरमरा, कमकापार, चिखली, कोड़ेकसा एवं पीपरखार के 39 शिक्षकों का प्रशिक्षण जिला से ट्रेनिंग प्राप्त मास्टर ट्रेनर विजय पटेल एवं राजेंद्र यारदा ने प्रशिक्षण प्रदान दिया। राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों की गुणवत्ता सुधार एवं नई शिक्षा नीति को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।





# मचांदुर में मनरेगा मजदूरों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम मंचादूर में मनरेगा मजदूर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य करने वाले मजदूरों को तिलक लगाकर, अंग वस्त्र व श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि मनरेगा की परिसंपतियों के निर्माण में मनरेगा श्रमिकों की अहम भूमिका रहती है। गांव में ही सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यों को करते हुए रोज़गार प्राप्त किया जा रहा है। तालाब गहरी करण, डबरी, नहर, नाली, धरसा, भूमि समतली करण, आंगनबाड़ी भवन पंचायत भवन निर्माण कार्यों में मनरेगा श्रमिकों द्वारा प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मनरेगा से न सिर्फ मजदूरों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है बल्कि उनके जीवन में व्यापक बदलाव भी ला रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना के बाद से मजदूरों की दशा और दिशा बदल गई है। मजदूर अब परिवार का पालन पोषण अच्छे ढंग से कर रहा है। जहां पहले मजदूरों को मजदूरी के लिए दर-दर भटकना पड़ता था। लेकिन अब उन्हें गांव में ही रोजगार मिल रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि वित्त वर्ष में लक्ष्य से भी अधिक कार्य दिवस मजदूरों को उपलब्ध कराए गए हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा जी महामंत्री सोनू राजपूत सरपंच दिलीप साहू जनपद सदस्य लेखन साहू उपसरपंच गजेन्द्र साहू तकनीकी सहायक नीलू चंद्राकर प्रवीन साहू फलेंद्र राजपूत नवाब खान धनराज साहू, तोरण साहू योगेश पटेल बेसखु राम साहू ललित देवांगन तुकाराम साहू ललित पटेल, रवि गोस्वामी, सुखराम पटेल, बलराम निर्मलकर, मंतराम यादव, गोपाल साहू सांभू साहू ,सचिव धनेन्द्र देवांगन राधा साहू,कुन्ती यदु बेलेश्वरी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।





### विधायक चंद्राकर ने किया सम्मानित

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चेदानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग
• खून की कमी
• खून कम बनना
• सांस से संबंधित बीमारियां
• डायबीटिज
• थायराइड
• हेपेटाइटिस बी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

Rahul Travels
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Baled To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

मित्तल हॉस्पिटल
कैंसर विभाग
भिलाई : सुर्या टी.आई. मॉल के पास
फोन: 0788 - 2294443, 90392 38971, 77228 80844
रायपुर : होली क्रॉस स्कूल के पास, अवंति बाई चौक, पंडरी
फोन: 91313 99570, 93430 79151
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
हमारे अनुभवी कैंसर विशेषज्ञ
डॉ. सुमन मित्तल MBBS, MD, DM कीमोथेरेपी विशेषज्ञ
डॉ. स्नेहा बोथरा जैन MBBS, MD, DNB कीमोथेरेपी विशेषज्ञ
डॉ. अरविन्द कुमार MBBS, MD, DNB कीमोथेरेपी विशेषज्ञ
डॉ. पूनीत सेठ MBBS, MD रेडिएशन आंकोलॉजिस्ट
डॉ. जसवंत जैन MBBS, MS, MCH कैंसर सर्जन
डॉ. नवीन वर्मा MBBS, MS, MCH कैंसर सर्जन
डॉ. अंबर गर्ग MD, DNB हेमोटोलॉजिस्ट एवं BMT विशेषज्ञ
डॉ. निहार गुप्ता MBBS, MD, Fellow in रक्त रोग विशेषज्ञ
Deepak Advts

श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल
|| हर एक जीवन अनमोल ||
ESIC, आयुष्मान भारत, बिजुकार्ड तथा 34 अन्य कंपनियों से इलाज की सुविधा
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के लिए विश्वसनीय स्थान
पूर्णतः इलाज की सुविधा उपलब्ध
ICU / CT Scan / Sonography, X-Ray
प्रमुख उपचार
• दूरबीन पद्धति द्वारा सर्जरी
• अपेन्डिक्स • गॉलब्लैडर
• सभी प्रकार के हार्निया
• ओवेरियन सिस्ट
• डायग्नोस्टिक लेप्रोस्कोपी
• किसी भी प्रकार की गांठ
उपलब्ध सेवाएं
• अंतरी एवं अग्न्याशय संबंधित रोग
• फिशर • भगंदर • पथरी का ईलाज
• हाइड्रोसिल, पाइल्स
• पुरुष बांझापन
• नपुंसकता का ईलाज
• स्तन व किसी भी प्रकार की गांठ
डॉ. सुफल कुमार
(MS General Surgery) General & Laproscopy Surgeon
न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4222999, हेल्पलाइन नंबर- 7880003497
Khanna

कैंसर के अत्याधुनिक इलाज, कीमोथेरपी, इम्यूनोथेरेपी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट एवं पैलिएटिव केयर हेतु कुशल एवं विश्वसनीय टीम
डॉ विकास गोयल MD, DM रक्त रोग एवं ब्लड कैंसर विशेषज्ञ
डॉ अनिकेत ठोके MD, DNB, ESMO कीमोथेरेपी एवं इम्यूनोथेरपी विशेषज्ञ
डॉ राकेश मिश्रा MD, DM कीमोथेरेपी एवं इम्यूनोथेरपी विशेषज्ञ
डॉ अविनाश तिवारी MBBS, MD पेन एवं पैलिएटिव मेडिसिन विशेषज्ञ
NABH, छत्तीसगढ़ शासन, FCI, NMDC, SECL, CSEB, NTPC, Railway, SAIL, BSP, ESIC, BSKY (बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना, ओडिशा), आयुष्मान भारत, खूबचंद बघेल एवं सभी इंश्योरेन्स संस्थाओं से मान्यता प्राप्त।
संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल
मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए NABH से पूर्ण मान्यता प्राप्त
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ. ग.)
7389905010, 7389904010, +91 7714081010, 4061010